RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : गुरुवार 09 जनवरी 2025 वर्ष 06 अंक 267 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

मुंबई में भी मिला HMPV केस, 6 महीने की बच्ची में पाए गए वायरस के लक्षण




Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# संजय राउत का बड़ा बयान...

## 'उद्धव ठाकरे की शिवसेना के खिलाफ एमएनएस का इस्तेमाल...'

**2006 में राज ठाकरे ने बनाई थी एमएनएस**

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में अब बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं. बीएमसी देश की सबसे बड़ी महानगरपालिका है. ऐसे में महाराष्ट्र के सियासी दलों के लिए यहां की सत्ता पर काबिज होना बेहद अहम माना जाता है. इस चुनाव के लिए महाराष्ट्र में नए सियासी गठबंधन की सुगबुगाहट तेज हो गई है. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और बीजेपी के बीच गठबंधन की चर्चा ने जोर पकड़ा लिया है.

**आशीष शेलार और राज ठाकरे के बीच हुई मुलाकात**

इस बीच राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने बुधवार (8 जनवरी) को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का इस्तेमाल उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता और महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार की एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे से उनके आवास पर हुई मुलाकात को लेकर यह बात कही.

### चुनाव आयोग पर क्यों भड़के संजय राउत?

**इस बीच, राउत ने भारत के निर्वाचन आयोग की भी आलोचना की और दावा किया कि ईवीएम में घोटाला हुआ है. विवादास्पद 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव पर राउत ने इसे 'एक पार्टी और एक नेता' के हाथों में सत्ता मजबूत करने की दिशा में पहला कदम करार दिया.**





**2006 में राज ठाकरे ने बनाई थी एमएनएस**


बाल ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे ने चचेरे भाई उद्धव से मतभेद के बाद अपने चाचा की पार्टी से नाता तोड़ लिया था और 2006 में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) की स्थापना की थी. एमएनएस ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को समर्थन देने की घोषणा की थी, हालांकि विधानसभा चुनाव में उसने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा था.

### 'महाराष्ट्र की मूल भावना के खिलाफ'

**राउत ने दावा किया कि बीजेपी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एमएनएस के साथ गठबंधन करना चाहती थी, लेकिन उसके सहयोगी दल शिवसेना के प्रमुख और राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस विचार का विरोध किया था. राउत ने कहा, "एमएनएस को बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना के खिलाफ मोहरे के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है. यह महाराष्ट्र की मूल भावना के खिलाफ है."**

बीएमसी के आगामी चुनावों में पार्टी का रुख महत्वपूर्ण हो सकता है.

## मुंबई में आवासीय इमारत में आग, कोई हताहत नहीं...



**मुंबई :** मुंबई में सायन अस्पताल के निकट तीन मंजिला आवासीय इमारत में बुधवार सुबह आग लग गई। आग लगने की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह करीब नौ बजे सायन अस्पताल के पास सुलोचना शेट्टी मार्ग पर पंचशील इमारत की पहली मंजिल पर लगी। सूचना मिलने पर मुंबई पुलिस, नगर निगम के अधिकारी और दमकल विभाग के कर्मी घटनास्थल पहुंचे ।दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया, मौके पर दमकल की चार गाड़ियां मौजूद हैं। घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है।

## HMP वायरस ने अब महाराष्ट्र में दी दस्तक

### मुंबई समेत दो जिलों में मिले तीन मरीज, सरकार ने जारी की एडवाइजरी

**मुंबई :** ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस ने अब महाराष्ट्र में भी दस्तक दे दी है। नागपुर के एक निजी अस्पताल में सात और 13 साल की उम्र के दो बच्चों का एचएमपीवी टेस्ट पॉजिटिव आया। इन दोनों बच्चों को खांसी और बुखार था। इसके अलावा मुंबई में भी एचएमपी वायरस का पहला केस सामने आया है। मुंबई में छह महीने का बच्चा एचएमपी संक्रमित मिला है। महाराष्ट्र में अभी तक आधिकारिक तौर पर कुल मिलाकर तीन मामले सामने आये हैं।



**मुंबई में सामने आया पहला मरीज**

जानकारी के अनुसार, मुंबई के पवई स्थित हीरानंदानी अस्पताल में छह महीने की बच्ची में ह्यूमन मेटापेन्यूमोवायरस (ल्टढश) का मामला सामने आया है। बच्ची को एक जनवरी को गंभीर खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन स्तर 84% तक गिरने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। डॉक्टरों ने नए रैपिड पीसीआर टेस्ट के जरिए वायरस की पुष्टि की। डॉक्टरों का कहना है कि बच्ची को आईसीयू में ब्रोंकोडायलेटर्स जैसी दवाओं से लक्षणों का उपचार दिया गया, क्योंकि इस वायरस का कोई विशेष इलाज नहीं है। बच्ची को पांच दिनों बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

**डॉक्टर्स ने कही ये बात**

इस बीच, बीएमसी स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि उन्हें इस मामले की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन उन्होंने इन्फ्लूएंजा और गंभीर श्वसन संक्रमण की निगरानी बढ़ा दी है। डॉक्टर का कहना है की HMPV दशकों से मौजूद है और मुख्य रूप से बच्चों और बुजुर्गों को प्रभावित करता है, लेकिन यह कोविड जैसी महामारी का कारण बनने की संभावना नहीं है।

**भारत में अब तक मिल चुके हैं 9 केस**

बता दें कि भारत में अभी तक HMPV वायरस के कुल 9 मामले सामने आये हैं। पहला और दूसरा मरीज कर्नाटक का, तीसरा गुजरात का, चौथा पश्चिम बंगाल, पांचवा और छठा तमिलनाडु के चेन्नई का और सातवां और आठवां मरीज नागपुर में संक्रमित पाया गया है। 9वां मरीज मुंबई में संक्रमित मिला।

## मुंबई पुलिस ने जोन 5 क्षेत्र जैसे माहिम, दादर धारावी , कुर्ला अन्य क्षेत्रों चोरी हुए... 1.75 cr का सामान मालिकों वापस किया




**मुंबई :** मुंबई पुलिस आयुक्तालय के जोन 05 मुंबई के अधिकार क्षेत्र में दादर, शिवाजी पार्क, माहिम, शाहू नगर, धारावी, कुर्ला, वी.बी. नगर पुलिस स्टेशन में विभिन्न गंभीर अपराधों जैसे मोबाइल फोन चोरी, मोटर वाहन चोरी पुलिस स्थापना दिवस सप्ताह के अनुसार बुद्धवार को कुल जब्त कीमती सामान 1.75 cr का समान को धारावी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मॉर्निंग स्टार स्कूल हॉल में मुंबई के जोन 5 के पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े और उनके टीम की उपस्थिति में संपत्ति मालिकों को सौंप दी गई।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# नक्सलवाद अभी जिंदा है...!

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बार-बार दावा करते रहे हैं कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा। इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी शेष नहीं रहेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को ह्यशहीदह्न किया है, वह रुह कंपा देने वाला हमला है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट करके 10 पुलिसकर्मियों को ह्यशहीदह्न किया गया था। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। हालांकि ह्यरोड ओपनिंग पार्टीह्न रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गए। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया और विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि ह्यरोड ओपनिंग पार्टीह्न इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे निरस्त, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही, अनदेखी थी, जिसने हमारे जवानों की जिंदगी छीन ली। अब एक बार फिर बहस शुरू होगी कि सुरक्षा बलों की आवाजाही सडक मार्ग के बजाय हवाई उड़ान के जरिए क्यों नहीं हो सकती?

यह सवाल फरवरी, 2019 के पुलवामा (कश्मीर) आतंकी हमले के बाद भी उठा था, जिसमें हमारे 40 सुरक्षाकर्मियों को ह्यशहीदह्न कर दिया गया था। बीजापुर जिले में इस बार का विस्फोट इतना ताकतवर था कि वाहन के पुर्जे 400 मीटर दूर तक बिखर गए। वाहन का एक हिस्सा करीब 30 फुट दूर पेड़ पर लटका मिला। घटनास्थल पर ही करीब 10-12 फुट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। जवानों के शव भी क्षत-विक्षत हो गए। नक्सली विस्फोट करके भाग निकले। धमाका होते ही रोड ओपनिंग पार्टी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया, लेकिन शहादत तो हो चुकी थी। यह हमला ही साबित करता है कि नक्सलवाद अभी जिंदा है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# नागपुर के बुटीबोरी फ्लाईओवर में आई दरार, जांच के लिए पहुंची NHAI की टीम... 2 दिनों में आएगी रिपोर्ट

**नागपुर:** नागपुर जिले का बुटीबोरी फ्लाईओवर केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के लिए अहम प्रोजेक्ट था। पूरे जिले की गति को तेज करने के लिए वे शहर के प्रत्येक एंट्री पाइंट में बड़े-बड़े फ्लाईओवर का जाल बिछा रहे हैं लेकिन दूसरी ओर उनके ही नीचे कार्यरत नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। बुटीबोरी फ्लाईओवर में महज साढ़े 3 वर्ष बाद दरार आ जाना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। बता दें कि दिसंबर महीने के आखिरी सप्ताह में इस फ्लाईओवर में दरार आने की घटना सामने आई थी। जिसके बाद इसे बंद कर दिया गया। कई दिनों बाद मंगलवार को केंद्रीय टीम ने बुटीबोरी फ्लाईओवर का दौरा किया। इस दौरान उत्सुक लोगों ने उनसे जानने का प्रयास किया कि बुटीबोरी फ्लाईओवर की स्थिति क्या है। इस पर एक भी अधिकारी जवाब देने को तैयार नहीं हुआ। इस बीच कुछ लोगों ने बताया कि बुटीबोरी फ्लाईओवर डैमेज तो हुआ है लेकिन डैमेज इतना बड़ा नहीं है कि इसे तोड़ने की नौबत आए। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों ने बताया कि कुछ दिनों के ब्लाक में इस ब्रिज की मरम्मत की




जा सकती है। ब्रिज तोड़ने जैसी कोई बात नहीं है। कुछ लोग जानबूझकर अफवाह फैला रहे हैं। संबंधित व्यक्तियों का कहना है कि डैमेज हुआ है तो उसे आसानी से दुरुस्त किया जा सकता है।


**रिपोर्ट के बाद एक्शन**

इस बीच दौरे के बाद अधिकारी वास्तविकता जानने का प्रयत्न कर रहे हैं। मूल्यांकन का काम 2 दिनों में पूरा होने जाने की संभावना जताई जा रही है। 2 दिनों में प्राथमिक रिपोर्ट आ जाएगी। इसके बाद स्थिति समीक्षा की जाएगी और तब उचित कदम उठाकर समस्या का निदान करने की पहल होगी। इसमें कितना समय लगेगा यह अभी कोई भी कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं है।

**जाम से जनता हलाकान**

विभाग द्वारा बड़े वाहनों को समृद्धि महामार्ग की ओर से जाने को कहा जा रहा है लेकिन जानकारी के अभाव में बड़े वाहन इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हुए देखे जा रहे हैं। इससे बुटीबोरी चौक पर वाहनों का जमावड़ा लग रहा है और हर वक्त जाम की स्थिति बन रही है। जनता इससे निजात चाहती है लेकिन प्रशासन इसके लिए कोई भी ठोस कदम उठाने की स्थिति में नहीं है। इससे जनता में रोष है।

# स्टॉल के विवाद मे भिड़ीं भाजपा की दो पूर्व नगरसेविकाएं




**मिरारोड :** मिरारोड में फेरीवालों एवं स्टॉल को लेकर भाजपा की दो नगरसेविका आपस में भीड़ गई और दोनों ने एक दुसरे पर गंभीर आरोप लगाए। इन दोनों की यह तकरार पुलिस स्टेशन तक पहुंच चुकी है। मिरारोड सेक्टर 10 में एक पतंग की स्टॉल को लेकर शुरू हुआ यह विवाद मे इन दोनों नगरसेविका ने आपस मे एक दुसरे पर गाली गलौज और निजी जीवन पर उंगलियां उठाने का आरोप लगाया है। इस मामले मे पूर्व नग रसेविका दीप्ति भट्ट ने हेतल परमार पर सीनियर सिटीजन के बेंच उठाने का आरोप लगाया और कहा की जब मेने इस बात का विरोध किया तो उसने मुझे एवं मेरी पति को गलियां दी और मेरे चरित्र पर भी भद्दे आरोप लगाए। इसके अलावा यहां के सीनियर सिटीजन लोगों ने भी वहां लगे बेंच को उठाने का आरोप लगाया है। इसके जवाब मे हेतल परमार ने बताया की मिरारोड निवासी दीपेंद्र वोहरा ने पतंग एवं मांजा बेचने के लिए मनपा से अनुमति ली है, परन्तु वहां पर पहले से ही एक स्टॉल लगा हुआ है। इसी बात को लेकर यह विवाद उत्पन्न हुआ और दीप्ति भट्ट ने मुझे गालियां दी और मेरे चरित्र पर गंभीर आरोप लगाए। हेतल परमार ने सीनियर सिटीजन के बैच उठाने के आरोप को सरासर गलत बताया और कहां की मेरे द्वारा सीनियर सिटीजन के लिए सबसे ज्यादा काम किया गया है। भाजपा की इन दोनों नग-रसेविका का यह विवाद अब पुलिस स्टेशन तक जा चुका है। यह दोनों ही नगरसेविका नरेंद्र मेहता ग्रुप की है और इनके इस विवाद के बाद यहां के परिसर मे यह चर्चा का विषय बन चुका है।

# दहेज के लिए पत्नी का उत्पीड़न... पति समेत 10 लोगों पर मामला दर्ज


**भिवंडी :** भिवंडी में एक 27 वर्षीय महिला को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति समेत सास, ससुर, ननद और नंदोई सहित ससुराल पक्ष के कुल 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ईरम फातिमा अमानुल्ला अंसारी (27) का निकाह 2018 में समदनगर कणेरी निवासी मोहम्मद आसिफ मोहम्मद उमर शेख से हुआ था। शादी के बाद से ही पति मोहम्मद आसिफ, ससुर तसलीम शेख, सास रुकसाना, ननद इरम, मुस्कान, अनम, हिना, परवीन और नंदोई मोइद शेख व रियाज शेख दहेज के रूप में 2 लाख रुपये और पति के लिए मोटरसाइकिल की मांग कर रहे



थे। महिला का आरोप है कि दहेज न मिलने पर ससुराल वालों ने उसे बार-बार गाली-गलौज और मारपीट की, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। घरेलू विवाद और छोटी-छोटी बातों पर भी उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़िता की शिकायत पर शांतीनगर पुलिस थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और मुस्लिम महिलाओं के विवाह अधिकार संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ठाणे : चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**ठाणे :** विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में जबरन चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिर- फ्तार किया गया है। दरअसल छह जनवरी को भारतीय दंड संहिता की धारा 309 (6), 351(3), और 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत कर्ता शरद गुलाब सिंह (उम्र 59 वर्ष) निवासी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनका पीछा कर उनका रुपये से भरा बैग जबरन छीन लिया।



इस मामले की जांच अपराध शाखा यूनिट-4 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण खोचरे और उनकी टीम द्वारा की गई। गुप्त सूचना के आधार पर म्हाडा कॉलोनी, अंबरनाथ में छापेमारी कर अक्षय भीमराव चलावाड़ी (उम्र 23) और अरबाज अब्दुल सलाम शेख उर्फ पापा (उम्र 26) को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 45,600 रुपये बरामद हुए।

# दादर स्टेशन पर छात्रा का बाल काटकर आरोपी फरार...



**मुंबई :** दादर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां कॉलेज जा रही एक लड़की के सिरफिरे ने बाल काट लिए। बाल काटने की घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी पीड़िता के बाल काट कर मौके से फरार हो गया। वहीं युवती ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक, एक सिरफिरे ने कॉलेज जा रही युवती के बाल काट लिए। जिसके बाद उसने आरोपी का पीछा किया लेकिन आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर भाग गया। इस मामले में युवती की शिकायत के बाद मुंबई सेंट्रल लोहमार्ग पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपी की तलाश कर रही है। शिकायत करने वाली लड़की ने मांग की है कि ऐसे सिरफिरों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए ताकि दूसरी लड़कियों को परेशानी न हो।

चुपके से काट लिए बाल शिकायतकर्ता लड़की कल्याण की रहने वाली है और माटुंगा के रूपारेल कॉलेज में पढ़ती है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे उसने कॉलेज जाने के लिए कल्याण से ट्रेन पकड़ी थी। वह करीब 9 बजकर 15 मिनट पर दादर स्टेशन पर उतरीं। जब वह दादर ब्रिज पर टिकट बुकिंग विंडो पर पहुंची तो अचानक उसे अपनी पीठ पर कुछ चुभने जैसा महसूस हुआ। बैग में बाल रखकर भागा वह अचानक पीछे मुड़ी और देखा कि एक अजनबी बैग लेकर तेजी से चला आ रहा है। उसने नीचे देखा तो कुछ बाल गिरे हुए थे।

# आरोपी को निर्वस्त्र कर घुमाया...नाबालिग से दरिंदगी करने की कोशिश

**मीरा रोड :** मीरा रोड में नाबालिग लड़की से दरिंदगी करने वाले शख्स को निर्वस्त्र कर घुमाया गया और उसकी पिटाई की गई. जानकारी के मुताबिक रिक्शा चलाने वाले एक शख्स ने 12 साल की मासूम लड़की के साथ दरिंदगी करने की कोशिश की थी. वहीं आरोपी शख्स की पिटाई करने के बाद उसे अर्ध- नग्न हालत में पुलिस स्टेशन लेकर पहुंचे. वहीं पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक, मुंबई में मीरा रोड पर एक रिक्शा चालक ने 12 साल की मासूम लड़की के साथ दरिंदगी करने की कोशिश की. लड़की घर के किसी काम के सिलसिले से बाहर थी. इसी दौरान



एक रिक्शा चालक ने उससे अश्लील इशारे करते हुए उसे शौचालय में जाने को कहा. लड़की रिक्शा चालक की हरकतों और उसके नापाक इरादों को समझ गई. जिसके बाद वो खुद को बचाने के लिए घर की तरफ भागी।

घर पहुंचकर घबराई हुई मासूम ने रिक्शा चालक की हरकतों के बारे में बताया. जिसके बाद घर के लोगों और सामाजिक संगठन के सदस्यों ने उसे फिर से शौचालय के पास, उसी रास्ते पर जाने को कहा. लड़की को आता देख रिक्शा चालक ने फिर से उस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की. वहीं रिक्शा चालक को लड़की के परिजनों ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया. जानकारी के मुताबिक, आरोपी शख्स का नाम राजू वर्मा है जो पिछले कुछ दिनों से लड़की को परेशान कर रहा था. आरोपी रिक्शा चालक को रंगे हाथों पकड़ने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता संगठन ने उसकी जमकर पिटाई कर दी. उसके बाद आरोपी को निर्वस्त्र करके पुलिस स्टेशन ले गए।

# भिवंडी 110 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार



**भिवंडी :** वागले एस्टेट ठाणे अपराध शाखा ने भिवंडी। में कार्रवाई करते हुए 11 लाख 22 हजार 200 रुपये मूल्य की 110 ग्राम एमडी (मादक पदार्थ) रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अहमद शकील अहमद मलीक उर्फ सोनू (39), निवासी समदन गर, कणेरी है। अपराध शाखा के दल को जानकारी मिली थी कि भिवंडी के विशाल लॉज के पास एक व्यक्ति एमडी लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर जाल बिछाकर अहमद शकील अहमद मलीक को हिरासत में लिया। जांच के दौरान उसके पास से 110 ग्राम एमडी बरामद हुई। पुलिस जांच में यह पता चला है कि आरोपी अहमद शकील ने यह मादक पदार्थ भिवंडी निवासी रवीश से खरीदा था और इसे बेचने के उद्देश्य से अपने पास रखा था।

# टोरेस मामला : अभी तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

**मुंबई :** दादर स्थित एक पोंजी स्कीम चलाने वाली निजी कंपनी के दो निदेशकों और तीन वरिष्ठ अधिकारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया. कम से कम सात निवेशकों ने दावा किया है कि उन्होंने पोंजी स्कीम में 13.48 करोड़ रुपये गंवाए हैं. पुलिस को संदेह है कि कंपनी ने मुंबई, नवी मुंबई और मीरा भयंदर इलाकों में कई निवेशकों को ठगा है. इस मामले में मुंबई के शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और अभी तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में महाप्रबंधक तान्या कस्तोवा, निदेशक अशोक सर्वेश सुर्वे, स्टोर प्रभारी वैलेंटिना कुमार शामिल हैं. वहीं मामले में भाजपा नेता किरीट सोमैया निवेशकों से मिले और न्याय दिलाने का भरोसा जताया.

मुंबई के दादर शिवाजी पार्क इलाके में टोरेस स्टोर चलाने वाली कंपनी प्लेटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ



शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. निदेशक सर्वेश अशोक सुर्वे और विक्टोरिया कोवलेंको, सीईओ तौफीक रिया उर्फ जॉन कार्टर, महाप्रबंधक तान्या कस्तोवा और स्टोर प्रभारी वैलेंटिना कुमार पर ऋक्रक्र दर्ज किया गया है. ये ऋक्रक्र सब्जी विक्रेता प्रदीप कुमार वैश्य की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है. शिकायतकर्ता ने उनकी पोंजी स्कीम में निवेश किया था. जून और दिसंबर 2024 के बीच आरोपियों ने एक योजना बनाई जिसमें दावा किया गया कि अगर कोई निवेशक निवेश की गई राशि के बदले उनसे मोइसैनाइट पत्थर (कीमती रत्न) खरीदता है, तो उसे हर हफ्ते 6 प्रतिशत की दर से 12% का ब्याज मिलेगा. पुलिस ने बताया कि इस ऑफर के लालच में कई लोगों ने कंपनी में पैसे जमा करवाए.

पुलिस ने अब तक कम से कम सात लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिन्होंने पोंजी स्कीम में कुल मिलाकर 13.48 करोड़ रुपये गंवाए हैं. इस पोंजी स्कीम में उनके निवेश पर 25% मासिक ब्याज देने का वादा किया गया था. पुलिस ने बताया कि निवेशकों को शुरूआत में वादे के मुताबिक नियमित ब्याज दिया गया, लेकिन 30 दिसंबर, 2024 के बाद फर्म ने निवेशकों की कॉल को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया.

किसी निवेशक ने कर्ज लेकर तो किसी निवेशक ने बीवी के गहने बेचकर ज्यादा पैसे की लालच में निवेश किया. ठगी के शिकार इडली डोसा बेचने वाले, वेल्डिंग काम करने वाले से लेकर इलाके के कई व्यवसायी भी बने. पुलिस को शक है कि आरोपी ने मुंबई, नवी मुंबई और मीरा भयंदर इलाकों में कई निवेशकों को ठगा है.

# मुंबई में भी मिला HMPV केस, 6 महीने की बच्ची में पाए गए वायरस के लक्षण




**मुंबई :** महाराष्ट्र में एचएमपीवी वायरस दस्तक दे चुका है. वहीं अब नागपुर के बाद मुंबई के पवई स्थित हीरानंदानी अस्पताल में एचएमपीवी का मामला सामने आया है. यहां छह महीने की बच्ची में इसके लक्षण पाए गए हैं. बच्ची को एक जनवरी को गंभीर खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन स्तर 84 फीसदी तक गिरने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था. डॉक्टरों ने नए रैपिड पीसीआर टेस्ट के जरिए वायरस की पुष्टि की. डॉक्टरों का कहना है कि बच्ची को आईसीयू में ब्रोंकोडायलेटर्स जैसी दवाओं से लक्षणों का उपचार दिया गया, क्योंकि इस वायरस का कोई विशेष इलाज नहीं है. बच्ची को पांच दिनों बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई.

हालांकि इस बीच, बीएमसी स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि उन्हें इस मामले की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन उन्होंने इन्फ्लूएंजा और गंभीर श्‍वसन संक्रमण की निगरानी बढ़ा दी है. डॉक्टर का कहना है कि एचएमपीवी दशकों से मौजूद है और मुख्य रूप से बच्चों और बुजुर्गों को प्रभावित करता है, लेकिन यह कोविड जैसी महामारी का कारण बनने की संभावना नहीं है. इससे पहले मंगलवार (7 जनवरी) को महाराष्ट्र के नागपुर में 'मन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के दो संदिग्ध मामले सामने आए. दोनों मरीज स्वस्थ हैं. उनके नमूने एकत्र कर लिए गए हैं. स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मरीजों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया और उनके सैंपल एम्स और पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) को भेजे गए हैं. वहीं जिलाधिकारी विपिन इटनकर ने इटनकर ने बताया कि बच्चे स्वस्थ हैं. उन्होंने कहा कि इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है. बता दें कि कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में एचएमपीवी के मामले सामने आ चुके हैं.

# ट्रांसपोर्ट मरीन का विरोध शुरू... प्रिंसेस डॉक, बलार्ड पियर में स्थानांतरित करने की मांग

**मुंबई :** गेटवे ऑफ इंडिया पर प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट मरीन का कोलाबा के लोगों ने विरोध किया है। स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए भाजपा पूर्व नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने सरकार से गेटवे के बजाय प्रिंसेस डॉक, बैलार्ड पियर पर ट्रांसपोर्ट मरीना बनाने की मांग की है। नार्वेकर ने बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे को पत्र लिखकर कहा है कि गेटवे पर मरीन बनाने से पर्यटकों के लिए समस्याएं उत्पन्न होंगी, क्योंकि यह क्षेत्र पहले ही काफी भीड़-भाड़ वाला है।

उन्होंने प्रिंसेस डॉक में मरीन बनाने का प्रस्ताव दिया है, जहां पहले से क्रूज टर्मिनल मौजूद है और वहां के मौजूदा बुनियादी ढांचे से यह योजना मेल खाती है। नार्वेकर का मानना है कि इस स्थान पर मरीन बनाए जाने से यात्री सुरक्षा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बढ़ती भीड़ से पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को परेशानी हो सकती है। इतना ही नहीं वर्तमान में पर्यटकों के आवागमन के कारण सड़क और यातायात जाम का सामना कर रहा है। इसमें यह भी कहा गया कि मरीन पर्यटकों और नागरिकों के लिए प्र- तिष्ठित ताज होटल के दृश्य को बाधित कर सकता है। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष और कुलाबा के विधायक राहुल नार्वेकर ने भी इस विषय पर विचार- विमर्श करने के लिए महाराष्ट्र मरीन बोर्ड के अधिकारियों के साथ विधान भवन में बैठक की।

# फायरिंग मामले का 24 घंटे में खुलासा...

## 17 लाख के सोने के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** सीएसएमटी इलाके में आंगड़िया व्यवसाई पर फायरिंग की घटना हुआ, शूटर उसपर गोलियां चलाने के बाद पीड़ित के पास से करीब 47 लाख रुपये कीमत का सोना लेकर फरार हो गए थे. इस मामले को मुम्बई पुलिस ने महज 24 घंटों में सुलझा लिया है.

पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश अभी भी जारी है. गिरफ्तार आरोपियों में किरण धनवड़े और हारून नूर मोहम्मद मडिया है. सूत्रों ने बताया कि आरोपी धनवड़े गिरगांव का और मडिया डोंगरी इलाके का रहने वाला है.

**17 लाख का गोल्ड बरामद**

मुंबई पुलिस के जोन 1 के डीसीपी डॉ प्रवीण मुंढे ने बताया कि फायरिंग करने वाले आरोपी समेत दो आरोपियों की तलाश अब तक जारी है. इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के पास से 17 लाख का गोल्ड बरामद कर लिया गया है और बाकी को बरामद करने के लिए कोशिश जारी है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस फायरिंग और लूट की साजिश मामले में शामिल चारों आरोपियों ने आर्थर रोड जेल में बंद रहने के दौरान मिलकर रची थी.

**करीब दो महीने तक की थी रेकी**

एक अधिकारी ने बताया कि चारों आरोपी अलग-अलग मामलों




में आर्थर रोड जेल में बंद थे और वहां रहते हुए इन सभी ने इस तरह की किसी घटना को अंजाम देने की प्लानिंग कर ली थी. बाहर आने के बाद लूट को अंजाम देने से पहले आरोपीयों ने कालबादेवी में मौजूद इस मामले में शिकायतकर्ता चिराग सोनी के दुकान की करीब दो महीने तक रेकी की थी.

**सोने डिलीवरी करने के लिए जाना था गोवा**

एमआरए मार्ग पुलिस के मुताबिक, यह घटना सीएसएमटी इलाके के पी डिमेलो रोड पर सोमवार (6 जनवरी) की रात करीब साढ़े 10 बजे घटी. उस समय चिराग सोनी अपने दो सहकर्मियों के साथ कालबादेवी से दो बैग लेकर दो बाइक के जरिये सीएसएमटी स्टेशन की तरफ जा रहे थे. तीनों में से एक शख्स को सीएसएमटी से ट्रेन पकड़कर गोवा में सोने डिलीवरी करने के लिए जाना था. शॉप से निकलने के दौरान दो लोग बाइक से उनका न सिर्फ पीछा कर रहे थे, बल्कि उनके मूवमेंट के बारे में पल-पल की खबर स्टेशन के पास पहले खड़े अपने दो साथियों को दे रहे थे.

**देशी कट्टे से की थी 4 राउंड फायरिंग**

स्टेशन के करीब पहुँचने से ठीक पहले वहां बाइक पर मौजूद दो आरोपियों ने तीनों को रोका और बैग छीनने की कोशिश की. बैग छीनने के दौरान हुई धक्कामुक्की ने दौरान एक आरोपी जो कि देशी कट्टे से लैस था उसने 4 राउंड फायरिंग की. इस फायरिंग में एक गोली बैग लिए 16 साल के युवक के दाहिने पैर में घुटने के पास लगी.

इसके बाद आरोपी सोने से भरे बैग को लेकर फरार हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी और गोपनीय सूत्रों के जरिये दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के मुताबिक, इस मामले में फरार दो अन्य आरोपियों की पहचान हो गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

## जुहू इलाके में मस्ती-मजाक में चली गई मासूम की जान



**मुंबई:** मुंबई के जुहू इलाके में एक ऐसी वारदात सामने आई है, जहां पर एक दो साल की बच्ची पर लड़का बैलेंस बिगड़ने की वजह से गिर गया. जिसके चलते बच्ची की मौत हो गई. शुरूआती जानकारी के मुताबिक ये घटना 2 जनवरी को तब हुई, जब विधि अग्रहरि नाम की लड़की अपने परिवार के दुकान के पास खेल रही थी. लड़की के पिता विनय अग्रहरि ने पुलिस में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई. पिता की शिकायत के मुताबिक आरोपी हर्षद गौरव अपने दोस्तों के साथ उस वक्त वही पर मस्ती मजाक कर रहा था. उसके साथ उसका दोस्त शाहनवाज अंसारी भी मौजूद था. लड़की की मां ने उन्हें आगाह किया कि यहां मत खेलो, दूसरी जगह चले जाओ. लेकिन वे नहीं माने. दोनों मस्ती मजाक कर रहे थे. इस दौरान हर्षद ने अपना बैलेंस खो दिया और लड़की के ऊपर गिर गया.

**बच्ची के परिवार ने लड़के पर लगाया आरोप**

इस वजह से लड़की के सिर में गंभीर चोट आई. इसके बाद परिवार उसे लेकर तुरंत मुंबई के कूपर अस्पताल पहुंचा. जहां लड़की का इलाज चल रहा था, लेकिन दो दिनों के बाद लड़की की मौत हो गई. परिवार के मुताबिक लड़के की लापरवाही की वजह से बच्ची की मौत हुई, जिसके बाद जुहू पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है.

## मुंबई : आजाद मैदान में करीब 50 स्टूडेंट अनशन पर...

**मुंबई :** आजाद मैदान में करीब 50 स्टूडेंट अनशन पर बैठे हैं. इन स्टूडेंट्स की मांग है कि साल 2023 में हुए दमकल विभाग की परीक्षा में जो स्टूडेंट वेटिंग लिस्ट में थे उन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए. दरअसल, जिन स्टूडेंट्स के नाम कंफर्म लिस्ट में थे अगर वो किसी वजह से नौकरी पर नहीं जाते हैं और वह आगे चलकर डिस्क्वालीफाई हो जाते हैं, ऐसे में उन जगहों पर वेटिंग लिस्ट के स्टूडेंट्स को नौकरी मिले. बता दें ये स्टूडेंट 29 दिसंबर 2024 से ही आजाद मैदान में सरकार से अपनी मांगों को लेकर गुहार लगा रहे हैं. इस मामले में स्टूडेंट्स ने कई बार बीएमसी के बड़े अधिकारियों से भी मुलाकात की, लेकिन उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ और नहीं मिला. महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों से आए इन स्टूडेंट्स में से नितिन बरबूड़े ने बताया कि नियम के मुताबिक, वेटिंग लिस्ट के स्टूडेंट्स को प्राथमिकता दी जाती है.



**जनवरी 2023 में हुई थी परीक्षा**

उन्होंने कहा, हालांकि हमें तो यह भी नहीं पता था कि हमारा नाम वेटिंग लिस्ट में है. हमने अखबारों में पढ़ा है कि फायर ब्रिगेड विभाग में जिन स्टूडेंट्स ने कंफर्म लिस्ट में होने के बावजूद किसी न किसी वजह से नौकरी नहीं की, उनकी जगह पर वेटिंग लिस्ट के स्टूडेंट्स को नौकरी देने के बजाय पैसे लेकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है. जनवरी 2023 में 910 पदों के लिए परीक्षा हुई थी, जिसमें लगभग 42,534 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी. वहीं सारी प्रक्रिया के बाद वेटिंग लिस्ट बनाई गई जिसमें 277 स्टूडेंट्स के नाम थे, लेकिन आगे की प्रक्रिया के दौरान किसी न किसी वजह से 137 स्टूडेंट्स ने नौकरी हासिल नहीं की, उनकी जगह खाली रह गई. ऐसे में नियमों के मुताबिक, उन जगहों पर वेटिंग लिस्ट के स्टूडेंट्स को नौकरी देना होता है.

## एंटॉप हिल स्थित निजी स्कूल में दो छात्रों ने अपने सहपाठियों पर चाकुओं से हमला



**मुंबई :** एक विद्यालय में 10वीं कक्षा के दो छात्रों ने आंतरिक परीक्षा के लिए बैठने की व्यवस्था को लेकर हुए विवाद के बाद कक्षा में दो अन्य छात्रों पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना मध्य मुंबई के एंटॉप हिल स्थित निजी स्कूल में उस समय हुई जब कक्षा 10वीं की प्रारंभिक परीक्षाएं शुरू होने वाली थीं। उन्होंने बताया कि दोनों घायल छात्रों का सायन स्थित लोकमान्य तिलक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि शुरूआत में स्कूल भवन की चौथी मंजिल पर स्थित परीक्षा हॉल में एक बेंच पर बैठने को लेकर कक्षा 10 के दो छात्रों (दोनों की उम्र 15 वर्ष) के बीच विवाद हुआ। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, इस दौरान बहस हुई और एक छात्र ने अपने दोस्त से चाकू लाने को कहा। उसने चाकू से दूसरे छात्र के पेट, पीठ और हाथ पर वार किया।

पुलिस ने बताया कि जब पीड़िता के दोस्त ने हस्तक्षेप किया तो आरोपी छात्र ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। उन्होंने बताया कि आरोपी छात्रों के खिलाफ हत्या का प्रयास, स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, खतरनाक हथियारों और वस्तुओं से चोट पहुंचाने के लिए नई आपराधिक संहिता बीएनएस की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भिवंडी : पुलिस ने नागरिकों को लौटाए चोरी के 1 करोड़ 43 लाख रुपए के सामान...



**भिवंडी :** पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रेजिंग डे सप्ताह के अंतर्गत भिवंडी पुलिस प्रशासन ने एक विशेष सेवा कार्य का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत चोरी हुए सामान को अपराधियों से बरामद कर उसे उसके असली मालिकों को लौटाया गया। यह कार्यक्रम भादवड स्थित स्व. संपदा नाइक सभागृह में आयोजित किया गया था। इसमें परिमंडल 2 के अंतर्गत आने वाले छह पुलिस थानों की हद से चोरी हुए 1 करोड़ 43 लाख रुपए की कीमत के सामान को 246 नागरिकों को सुपुर्द किया गया- कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख और पुलिस उपायुक्त डॉ. मोहन दहीकर की विशेष उपस्थिति रही। लौटाए गए सामान में 169 मोबाइल फोन, दोपहिया वाहन, रिक्शा, कार, टेम्पो, और सोने-चां- दी के आभूषण शामिल हैं। चोरी के सामान के लौटने की उम्मीद छोड़ चुके नागरिक जब अपना सामान वापस पाकर खुशी से झूम उठे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com